Adda247 GET IT ON Google Play

# KVS NVS TIER 2 TGT Hindi Question Paper held on 29 March 2026

## Question Paper / प्रश्न-पत्र

62361400

Maximum Marks : 40

अधिकतम अंक : 40

1. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक वाक्य) :
   (A) 'लंबाई' शब्द में कौन सी संज्ञा है?
   (B) 'घर' शब्द में कौन सी संज्ञा है?
   (C) 'महामंडल' में कौन सी संज्ञा है?
   (D) दो शब्दों या वाक्यों को मिलाने वाले शब्द कहलाते हैं।

2. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए :
   (A) 'चश्मा' किस भाषा का शब्द है?
   (B) 'औरत' किस भाषा का शब्द है?
   (C) उस मूल ध्वनि को क्या कहते हैं जिसके खंड न हो सकें?
   (D) विधान करने वाले शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं?

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक वाक्य) :
   (A) तत्सम शब्द 'आज्ञा' का तद्भव रूप क्या है?
   (B) तत्सम शब्द 'राजा' का तद्भव रूप क्या है?
   (C) तत्सम शब्द 'वत्स' का तद्भव रूप क्या है?
   (D) तत्सम शब्द 'कर्ण' का तद्भव रूप क्या है?

4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए :
   (A) रामचंद्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' में आदिकाल को कितने प्रकरणों में बाँटा है?
   (B) 'कवित्त-निर्माण के बीज रूप विशिष्ट संस्कार को शक्ति कहते हैं' – किसका कथन है?
   (C) विद्यापति के संदर्भ में किसने कहा है कि 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं।'
   (D) कबीर के काव्य के संदर्भ में प्रयुक्त 'साखी' शब्द का अर्थ क्या है?

5. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए :
   (A) ध्वनि नामक काव्य-तत्व के प्रवर्तन का श्रेय किसे दिया जाता है?
   (B) विभाव, अनुभाव और व्यभिचारीभाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है; क्या कहलाता है?
   (C) 'वासर की संपति उलूक ज्यों न चितवत' काव्य पंक्ति के रचयिता कौन हैं?
   (D) 'तुलसीदास' निराला की एक बड़ी रचना है जो अधिकांश अंतर्मुख प्रबंध के रूप में है। किस विद्वान का मत है?

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

6. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए :
   (A) वस्तुओं के संबंध में विधान करने वाले शब्द कहलाते हैं :
   (B) वस्तुओं की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं :
   (C) केवल मनोविकार सूचित करने वाले शब्द कहलाते हैं :
   (D) रूपांतर के अनुसार शब्द के भेद होते हैं :

7. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए :
   (A) 'सिपाही चोर को पकड़ता है' वाक्य में कौन-सी क्रिया है?
   (B) मूल 'धातु' क्या कहलाती है?
   (C) व्युत्पत्ति के अनुसार धातुओं के कितने भेद होते हैं?
   (D) 'पुष्पांजलि' नामक काव्य संग्रह के रचयिता हैं :

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक वाक्य में दीजिए :
   (A) धातु के मुख्यत: कितने प्रकार होते हैं?
   (B) 'कीर्ति लता' नामक रचना के रचयिता हैं :
   (C) 'चंपा' जयशंकर प्रसाद की किस कहानी की पात्र है?
   (D) मुक्तिबोध की कविता 'ब्रह्मराक्षस' में ब्रह्मराक्षस किसका प्रतीक हैं?

9. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक वाक्य) :
   (A) 'छायावादी कहे जाने वाले कवियों में महादेवी जी ही रहस्यवाद के भीतर रही हैं' प्रस्तुत मत किस आलोचक का है?
   (B) 'उदात्त अभिव्यंजना का अनिर्वचनीय प्रकर्ष और वैशिष्ट्य है।' उदात्त को परिभाषित करने वाले विचारक का क्या नाम है?
   (C) 'काव्यमीमांसा' नामक काव्यशास्त्र की पुस्तक के रचनाकार का क्या नाम है?
   (D) आविर्भाव शब्द का सटीक विलोमार्थी शब्द बताइए।

10. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक वाक्य में दीजिए :
   (A) 'उसने घर आकर भोजन किया' वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।
   (B) 'मान न मान मैं तेरा मेहमान' लोकोक्ति का क्या अर्थ है?
   (C) काव्यशास्त्र का प्रसिद्ध ग्रंथ 'काव्यालंकार' के लेखक का क्या नाम है?
   (D) शब्द शक्ति के कितने भेद होते हैं?

-o0o-

विश्राम 37/15



Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

1. "आधुनिक नारी के व्यक्तित्व के इतने विविध पक्ष इतनी गहराई और सूक्ष्मता के साथ अपने आगे प्रत्यक्ष कर सकना और फिर उसे शब्द बद्ध कर सकना अपने आप में एक बड़ी साहित्यिक उपलब्धि है।" अज्ञेय के 'नदी के दीप' उपन्यास के बारे में प्रस्तुत मत देने वाले आलोचक हैं :

(1) नंददुलारे वाजपेयी
(2) नेमिचन्द्र जैन
(3) नामवर सिंह
(4) रमेशचंद्र शाह

2. 'गौरा' और 'भुवन' अज्ञेय की किस रचना के पात्र हैं?

(1) 'नदी के द्वीप'
(2) 'शेखर एक जीवनी'
(3) 'अपने-अपने अजनबी'
(4) 'विपथगा'

3. रामधारी सिंह दिनकर की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' के प्रथम संस्करण का प्रकाशन हुआ :

(1) सन 1955 ई.
(2) सन 1956 ई.
(3) सन 1957 ई.
(4) सन 1958 ई.

4. 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के रचयिता हैं :

(1) सुरेन्द्रवर्मा
(2) शंकरशेष
(3) दयाप्रसाद सिन्हा
(4) गिरिराज किशोर

5. 'अपने-अपने रास्ते' संस्मरण के रचयिता हैं :

(1) रामदरस मिश्र
(2) विद्यानिवास मिश्र
(3) यशपाल
(4) गिरिराज किशोर

6. "हुआ था जब संध्या आलोक
हँस रहे थे तुम पश्चिम ओर
विहँग रव बनकर मैं चितचोर!
गा रहा था गुण; किंतु कठोर
रहे तुम नहीं वहाँ भी, शोक।"

प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं :

(1) सुमित्रा नंदन पंत
(2) सुर्यकांत त्रिपाठी निराला
(3) जयशंकर प्रसाद
(4) रामधारी सिंह दिनकर

Adda247

GET IT ON Google Play

7. निम्नलिखित में सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का कविता-संकलन नहीं है :

(1) परिमल (2) अनामिका (3) अर्चना (4) अलका

8. निम्नलिखित में महादेवी वर्मा का काव्य-संकलन नहीं है :

(1) नीहार (2) रश्मि (3) दीपशिका (4) आराधना

9. निम्नलिखित में अज्ञेय का काव्य संकलन नहीं है :

(1) चिंता (2) इत्यलम

(3) लोग भूल गए हैं (4) सागर मुद्रा

10. निम्नलिखित में रामधारी सिंह दिनकर की रचना नहीं है :

(1) रेणुका (2) दिल्ली (3) अर्चना (4) रश्मिरथी

11. निम्नलिखित में पूर्वी हिन्दी की बोली नहीं है :

(1) अवधी (2) छतीसगढी (3) बघेली (4) कन्नौजी

12. भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया :

(1) 14 सिंतबर 1950 को (2) 14 सिंतबर 1949 को

(3) 14 सिंतबर 1948 को (4) 14 सिंतबर 1947 को

13. भारत के संविधान की किस अनुसूची में भारत की भाषाओं का उल्लेख किया गया है ?

(1) दसवीं अनुसूची (2) नौवीं अनुसूची

(3) आठवीं अनुसूची (4) सातवीं अनुसूची

14. निम्नलिखित में दुखांतक (ट्रैजेडी) का अंग नहीं है :

(1) विचार (2) पदयोजना (3) कथानक (4) भाषा शैली

15. निम्नलिखित में कहानी का मुख्य तत्व नहीं है :

(1) संवाद (2) चरित्र चित्रण (3) परिवेश (4) दृश्य

Adda247 GET IT ON Google Play

16. निम्नलिखित में 'बहुब्रीहि समास' का उदाहरण है :

(1) नीलकमल (2) नीलकंठ (3) चौराह (4) पुस्तकालय

17. शब्द और संधि-विच्छेद की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(1) मतैक्य – मति + एक्य
(2) रवींद्र – रवि + इंद्र
(3) प्रत्युपकार – प्रति + उपकार
(4) स्वागत – सु + आगत

18. 'चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल थल में स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है अवनि और अंबर तल में' काव्य पंक्तियों काव्य सौन्दर्य की वृद्धि के लिए प्रयुक्त अलंकार है :

(1) उपमा अलंकार
(2) श्लेष अलंकार
(3) यमक अलंकार
(4) अनुप्रास अलंकार

19. निम्नलिखित मुहावरों और मुहावरों के अर्थ में असंगत युग्म है :

(1) गंगा नहाना – भारी आपत्ति का आना
(2) कलेजा ठंडा होना – शांति मिलना
(3) अपने पैसों पर खड़ा होना – स्वावलंबी होना
(4) दूज का चाँद होना – बहुत कम दिखाई पड़ना

20. 'सीता गीता से अधिक परिश्रमी है' वाक्य में रेखांकित अंश है :

(1) संज्ञा पदबंध
(2) विशेषण पदबंध
(3) क्रिया विशेषण पदबंध
(4) क्रिया पदबंध

21. निम्नलिखित में मैत्रेयी पुष्पा की आत्मकथा है :

(1) जो कहा नहीं गया
(2) लगता नहीं है दिल मेरा
(3) बूंद बावड़ी
(4) कस्तूरी कुंडल बसै

मति + ऐक्य

22. हजारी प्रसाद द्विवेदी की पुस्तक 'हिन्दी साहित्य उसका उद्भव और विकास' का प्रथम संस्करण किस वर्ष में प्रकाशित हुआ था

(1) सन 1950 ई. (2) सन 1952 ई. (3) सन 1954 ई. (4) सन 1955 ई.

Adda247 GET IT ON Google Play

23. 'साहित्य की समस्याएँ' पुस्तक के लेखक हैं :
(1) नंददुलारे वजपेयी (2) शिवदान सिंह चौहान
(3) शिवकुमार मिश्र (4) शिवकुमार शर्मा

24. निम्नलिखित में 'तारसप्तक' का कवि नहीं है :
(1) मुक्तिबोध (2) अज्ञेय (3) प्रभाकर माचवे (4) नरेन्द्र सक्सेना

25. 'वीरसिंहदेव चरित' के रचनाकार हैं :
(1) केशवदास (2) हरिदास (3) नरोत्तमदास (4) नंददास

26. फणीश्वरनाथ रेणु के कहानी संग्रहों का प्रकाशन-वर्ष की दृष्टि से सही अनुक्रम है :
(1) आदिम रात्रि की महक, ठुमरी, अग्निखोर, एक श्रावणी दोपहर की धूप
(2) ठुमरी, आदिम रात्रि की महक, अग्निखोर, एक श्रावणी दोपहर की धूप
(3) अग्निखोर, ठुमरी, आदिम रात्रि की महक, एक श्रावणी दोपहर की धूप
(4) ठुमरी, एक श्रावणी दोपहर की धूप, आदिम रात्रि की महक, अग्निखोर

27. निम्नलिखित में दंत्य वर्ग का वर्ण नहीं है :
(1) त (2) थ (3) द (4) ढ

28. निम्नलिखित में तुलसीदास की रचना नहीं है :
(1) दोहावली (2) गीतावली (3) कवित्तरामायण (4) हनुमान्नाटक

29. जॉर्ज ग्रियर्सन ने अपनी पुस्तक 'माडर्न वर्नाकुलर लिटरेचर ऑव नार्दर्न हिन्दुस्तान' में हिन्दी साहित्य के इतिहास के आदिकाल को कहा है :
(1) आदिकाल (2) प्रारंभिक काल (3) चारण काल (4) बीजवपन काल

30. हजारी प्रसाद द्विवेदी की पुस्तक 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के प्रथम संस्करण का प्रकाशन हुआ :
(1) 1935 ई (2) 1940 ई (3) 1945 ई (4) 1950 ई

Adda247 GET IT ON Google Play

31. निम्नलिखित सूफी कवियों और उनकी रचनाओं के युग्मों में असंगत है :

(1) कुतबन – 'मृगावती' (2) मंझन – 'चित्रावली'

(3) जायसी – 'अखरावट' (4) कासिमशाह – 'हंसजवाहिर'

32. निम्नलिखित में भक्ति की निर्गुण ज्ञानाश्रयी शाखा का कवि नहीं है :

(1) स्वामी अग्रदास (2) धर्मदास (3) गुरु नानक (4) रैदास या रविदास

33. निम्नलिखित में कृष्ण भक्ति शाखा के कवि ध्रुवदास की रचना है :

(1) रूप मंजरी (2) मान मंजरी (3) रतिमंजरी (4) विरहमंजरी

34. निम्नलिखित में पत्रकारिता का प्रमुख प्रकार नहीं है :

(1) खोजपरक पत्रकारिता (2) विशेषीकृत पत्रकारिता

(3) वाचडॉग पत्रकारिता (4) कवि-सम्मेलन

35. "उत्तम पद कवि गंग के, कविता को बल बीर।
केशव अर्थ गंभीर को, सूर तीन गुन धीर॥
प्रस्तुतत दोहे में किसका सर्वाधिक गुणगान किया गया है ?

(1) सूरदास (2) केशव (3) गंगकवि (4) तुलसीदास

36. भक्ति कविता को 'सूफी युग' और 'भक्त युग' की संज्ञा देने वाले साहित्येतिहासकार हैं :

(1) रामचंद्र शुक्ल (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) रामकुमार वर्मा (4) राहुल सांकृत्यायन

37. "मैं इसी रास्ते सोचने का प्रस्ताव करता हूँ। मतों, आचार्यों, संप्रदायों और दार्शनिक चिंताओं के मानदंड से लोकचिंता को नहीं मापना चाहता बल्कि लोकचिंता की अपेक्षा उन्हें देखने की सिफारिश कर रहा हूँ।" भक्ति आंदोलन के उदय से संबद्ध हजारी प्रसाद द्विवेदी के प्रस्तुत विचार उनकी किस पुस्तक से हैं ?

(1) हिन्दी साहित्य की भूमिका

(2) हिन्दी साहित्य : उसका उद्भव और विकास

(3) हिन्दी साहित्य का आदिकाल

(4) मध्यकालीन धर्म साधना

620061400

Adda247 GET IT ON Google Play

"अपनी देखि करत नहीं अहमक, कहत हमारे बड़न किया।
उसका खून तुम्हारी गरदन, जिन तुमको उपदेश दिया॥"

प्रस्तुत दोहे के रचयिता हैं :

(1) कबीर (2) रहीम (3) रैदास (4) दादूदयाल

39. "यद्यपि कबीर की बानी 'निर्गुण बानी' कहलाती है पर उपासना क्षेत्र में ब्रह्म निर्गुण नहीं बना रह सकता। सेव्य-सेवक-भाव में स्वामी में कृपा, क्षमा, औदार्य आदि गुणों का आरोप हो ही जाता है।"

कबीर के बारे में प्रस्तुत विचार किस आलोचक के हैं?

(1) विजयेन्द्र स्नातक (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) रामचंद्र शुक्ल (4) रामचंद्र तिवारी

40. निम्नलिखित में से कौन सी बात जायसी के बारे में सही नहीं है?

(1) जायसी जायस में रहते थे।
(2) जायसी की आखिरी कलाम उर्दू में छपी थी।
(3) पद्मावत की हस्तलिखि प्रतियाँ अधिकतर फारसी अक्षरों में मिली हैं।
(4) जायसी की तीन पुस्तकें मिलती हैं – पद्मावत, अखरावट और आखिरी कलाम।

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों (41 - 45) तक के सटीक उत्तर दीजिए :**

प्रकृति का स्वभाव बड़ा विचित्र है – कभी कल्याणकारी तो कभी विनाशकारी। प्रकृति कब, कैसे और क्या रूप धारण कर लेगी, इसे पूर्णतः समझ पाना अभी भी मनुष्य के बस की बात नहीं है। ज्ञान-विज्ञान की उन्नति के कारण प्रकृति के कई रहस्य उजागर अवश्य हुए हैं और प्राप्त ज्ञान का प्रयोग कर जीवन सहज बनाने की कोशिश की गई है। शाश्वत सत्य यह है कि प्रकृति अनंत है और उसका स्वभाव अबूझ। बाढ़, सूखा, अकाल, भूकंप, सुनामी आदि असमय मानव जीवन में हाहाकार मचा देते है और वैज्ञानिकों भूगर्भ शास्त्रियों, मौसम वैज्ञानिकों की जानकारियों और सफलताओं का महल धराशायी हो जाता है। यद्यपि विज्ञान ने प्राकृतिक आपदाओं में सबसे अधिक विनाशकारी आपदा भूकंप की पूर्व सूचना देने के संबंध में उल्लेखनीय प्रगति की है तथापि इनकों कैसे रोका जा सकता है इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता अभी तक नहीं मिली है।

41. पूर्णतः समझ पाना मनुष्य के बस की बात नहीं कि ______

(1) प्रकृति कब नया रूप धारण करेगी?
(2) प्रकृति कैसे और कब क्या धारण करेगी?
(3) प्रकृति किस रूप में विनाश करेगी?
(4) प्रकृति कब, कैसे और क्या रूप धारण कर लेगी?

Adda247
GET IT ON Google Play

42. प्रकृति का कभी कल्याणकारी कभी विनाशकारी स्वभाव है :

(1) चंचल (2) दर्शनीय (3) आकर्षक (4) विचित्र

43. गद्यांश के आधार पर निम्न में से सही कथन नहीं है :

(1) ज्ञान विज्ञान की उन्नति हुई
(2) प्रकृति के कई रहस्य खुले
(3) ज्ञान से जीवन सहज बना
(4) विज्ञान से मानव जीवन में हाहाकार मचा

44. यह शाश्वत सत्य है कि :

(1) प्रकृति विनाशकारी है
(2) प्रकृति कल्याणकारी है
(3) प्रकृति अनंत है
(4) प्रकृति अनंत है और इसका स्वभाव अबूझ

45. सबसे अधिक विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है :

(1) बाढ़ (2) सुनामी (3) भूकंप (4) सूखा

46. रानी गायत्री प्रेमचंद के किस उपन्यास की पात्र है ?

(1) गोदान (2) प्रेमाश्रम (3) ग़बन (4) रंगभूमि

47. 'घर की बात' आत्मकता के लेखक हैं :

(1) रामविलास शर्मा
(2) शिवपूजन सहाय
(3) प्रेमचंद
(4) श्याम सुंदर दास

48. "आदिकाल की इस दीर्घ परंपरा के बीच डेढ़ सौ वर्ष के भीतर तो रचना की किसी विशेष प्रवृत्ति का निश्चय नहीं होता है - धर्म, नीति, शृंगार और सब प्रकार की रचनाएँ दोहों में मिलती हैं।"
आदिकाल की रचनाओं के बारे में प्रस्तुत कथन किस आलोचक का है ?

(1) श्याम सुंदर दास
(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) जॉर्ज ग्रियर्सन

49. किस साहित्येतिहासकार के अनुसार 'चंदबरदाई हिन्दी के प्रथम महाकवि माने जाते हैं' ?

(1) गार्सां द तासी
(2) जॉर्ज ग्रियर्सन
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

Adda247
GET IT ON Google Play

50. "देसिल बअना सब जग मिट्ठा। तें तैंसन जंपओं अवहट्ठा।"

– काव्य पंक्ति के रचयिता हैं :

(1) हेमचंद्र (2) विद्याधर (3) जैनाचार्य मेरुतुंग (4) विद्यापति

51. निम्नलिखित में भारतेन्दु का अनूदित नाटक है :

(1) चंद्रावली (2) भारत दुर्दशा (3) विद्यासुंदर (4) प्रेमयोगिनी

52. निम्नलिखित कहानियों और उनके कहानीकारों के युग्मों में असंगत है :

(1) बिसाती – जयशंकर प्रसाद
(2) रक्षा-बंधन – विश्वंभरनाथ कौशिक
(3) सुखमय जीवन – चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(4) पंडित और पंडितानी – किशोरी लाल गोस्वामी

53. "चार डग हमने भरे तो क्या किया।
है पड़ा मैदान कोसों का अभी॥
मौलवी ऐसा न होगा एक भी।
खूब उर्दू जो न होवे जानता॥"

प्रस्तुत कविता के रचयिता हैं :

(1) श्रीधर पाठक (2) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(3) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

54. खड़ी बोली की पहली काव्य रचना मानी जाती है :

(1) 'प्रियप्रवास' (2) 'साकेत' (3) 'यशोधरा' (4) 'पथिक'

55. "नीचे विपुला धरणी है दुख भार वहन सी करती।
अपने खारे आँसू से करूणासागर को भरती॥"

प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं :

(1) निराला (2) प्रसाद (3) पंत (4) दिनकर

रश्मि

62061400

Adda247
GET IT ON Google Play

56. "जौ हौं मा तुमते महँ हवै हौं।

तौ जननी जग में या मुख की कहाँ कालिमा ध्वै हौं।"

तुलसीदास की प्रस्तुत काव्य पंक्तियों में कौन किसको संबोधित कर रहा है?

(1) लक्ष्मण सुमित्रा को
(2) राम कैकेई को
(3) भरत कैकेई को
(4) भरत कौशल्या को

57. "सीस पगा न झगा तन पै, प्रभु! जानै को आहि, बसै केहि ग्रामा।"

काव्यपंक्ति के रचयिता हैं :

(1) आलम
(2) नरोत्तमदास
(3) कृपाराम
(4) मीराबाई

58. निम्नलिखित में रीति कालीन कवि चिंतामणि त्रिपाठी की रचना नहीं है?

(1) काव्य प्रकाश
(2) रामायण
(3) साहित्यसार
(4) काव्य विवेक

59. किसका कथन है कि "आलम रीतिबद्ध रचना करने वाले कवि नहीं थे। वे प्रेमोन्यत्त कवि थे और अपनी तरंग के अनुसार रचना करते थे इसी से इनकी रचनाओं में हृदयतत्व की प्रधानता है।"

(1) भगीरथ मिश्र
(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) विजयेन्द्र स्नातक

60. निम्नलिखित में धनानंद की रचना नहीं है :

(1) रागरत्नाकर
(2) रसकेलिवल्ली
(3) कृपाकंद
(4) विरह लीला

-o0o-

37



6206140 6206140 6206140